परशुराम जयंती आज, बड़ोखर-हड़बांसी मंदिरों में होंगे कार्यक्रम

23 को शहर में निकाला जाएगा चल समारोह

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अप्रैल। अक्षय तृतीया के मौके पर भगवान विष्णु के छटवें अवतार विप्रजनों के आराध्य भगवान परशुराम का जन्मोत्सव आज मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के बड़ोखर एवं बागचीनी क्षेत्र के हड़बांसी स्थित भगवान परशुराम मंदिरों पर जन्मोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

बड़ोखर स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर प्रात: 8 बजे भगवान परशुराम का अभिषेक होगा। जिसके बाद महाआरती का आयोजन होगा। वहीं हड़बांसी स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में सुंदरपुर स्थित भगवान परशुराम के मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जड़ेरूआधाम पर महामंडलेश्वर हरिदास महाराज के द्वारा भगवान परशुराम का अभिषेक कर जन्मोत्सव मनाया

जाएगा। भगवान परशुराम शोभायात्रा एवं चल समारोह समिति के सदस्य हरीश पाठक ने बताया कि अंचल के सभी मंदिरों पर जयंती के मौके पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की जाएगी। प्रसादी का वितरण होगा। मंदिरों में संकीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ के आयोजन होंगे।

23 को निकलेगी वाहन रैली, चल समारोह

परशुराम जयंती के मौके पर 23 अप्रैल को हड़बांसी स्थित परशुराम मंदिर से दोपहर 2 बजे वाहन रैली शुरू होगी। जो एनएच-552 से होकर मुरैना के अंबेडकर स्टेडियम पहुंचेगी। यहां से भव्य चल समारोह प्रारंभ होगा। जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ बड़ोखर स्थित भगवान परशुराम मंदिर पहुंचेंगा। चल समारोह में भगवान परशुराम के जीवन पर आधारित विभिन्न झांकियों का मंचन किया जाएगा।

कूलर से टेलर मास्टर को लगा करंट, अस्पताल में मौत

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में हुई घटना

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अप्रैल। शहर के सुभाष नगर इलाके में संचालित सिलाई के कारखाने में काम कर रहे एक टेलर मास्टर की कूलर से निकले करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के आगरा जनपद के शमशाबाद निवासी सत्येन्द्र सिंह यादव 25 पुत्र दलवीर सिंह यादव शहर के सुभाष नगर इलाके में स्थित एक सिलाई के कारखाने में टेलर मास्टर का काम किया करता था। शनिवार की दोपहर जब सत्येन्द्र कारखाने में काम कर रहा था, इसी दौरान कूलर के संपर्क में आने पर उसे करंट का जोरदार झटका लगा और वह अचेत हो गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जेबराखेड़ा में शटरिंग मजदूर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अप्रैल। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के जेबराखेड़ा गांव में शनिवार को एक शटरिंग का काम करने वाले मजदूर ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

जानकारी के अनुसार जेबराखेड़ा गांव निवासी संजय इंदौरिया 35 पुत्र रघुवीर इंदौरिया शटरिंग लगाने का काम किया करता था। शुक्रवार को संजय अपनी पत्नी को साथ लेकर सहराना गांव में रहने वाले ममिया ससुर के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। देर रात को पत्नी को सहराना गांव में छोड़कर संजय अपने घर आ गया था।

शनिवार की दोपहर घर में संजय के अलावा उसकी बेटी और मां मौजूद थे। इसी दौरान संजय ने कमरे में जाकर रस्सी का फंदा बनाया और उस पर झूल गया। जब काफी देर तक संजय कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसकी बेटी ने कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन अंदर से कुंदी लगी हुई थी। उसने अपनी दादी को सूचना दी। जिसके बाद आसपड़ौस के लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे की दीवार में छेद कर कुंदी को खोला तो अंदर संजय फंदे पर झूलता हुआ मिला।

शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

जल गंगा संवर्धन : सीईओ ने किया कार्यों का निरीक्षण

समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

मुरैना/पोरसा, 18 अप्रैल। जनपद पंचायत पोरसा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनीता शर्मा दंडोतिया ने ग्राम पंचायत रजौधा का दौरा कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जलगंगा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में निर्मित एवं निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया और स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सरोवरों का संरक्षण और विकास जल संचयन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीईओ सुनीता शर्मा डंडौतिया ने पीएम आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दिए जा रहे आवासों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराया जाए। ग्राम में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कैलारस ब्लॉक के आठ गांवों में पेयजल परिवहन को स्वीकृति

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अप्रैल। ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव द्वारा जनपद पंचायत कैलारस के अंतर्गत चयनित ग्रामों में पेयजल परिवहन की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह व्यवस्था 15 अप्रैल से 15 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी।

इस योजना के अंतर्गत 5 ग्राम पंचायतों के 8 मजरा-टोलों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इनमें ग्राम पंचायत डुंगरावली के शक्तिपुरा, ठाठीपुरा के नयागांव सहराना, रामपुर मानगढ़, महेबा पंचायत के महेबा का पुरा, पनिहारी पंचायत के चेंटीखेड़ा, देवखोरी, तालपुरा तथा गौल्हारी पंचायत के बरई का पुरा शामिल हैं। अनुभाग सबलगढ़ अंतर्गत इन क्षेत्रों में पेयजल परिवहन कार्य शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुरूप किया जाएगा। संबंधित जानकारी जनपद पंचायत सीईओ कैलारस द्वारा संकलित कर कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा संबंधित सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक से प्रमाणित कराई जाएगी।

क्लेप कार्यक्रम : स्काउट-गाइड ने महाराजपुर गांव को लिया गोद

जल संरक्षण जागरुकता अभियान के तहत लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अप्रैल। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ मुरैना द्वारा क्लेप कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन क्लेप कार्यक्रम की सहायक जिला कॉर्डिनेटर श्रीमती सारिका चतुर्वेदी के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा महाराजपुर, गांव को गोद लेते हुए जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

अभियान के तहत विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणजनों से परिवारों से संपर्क किया और उन्हें जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को जल अपव्यय रोकने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नलों का अनावश्यक उपयोग बंद करने तथा दैनिक जीवन में पानी बचाने के छोटे-छोटे उपाय अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला सचिव शेखर सिंह यादव एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त वीरसिंह यादव की विशेष उपस्थिति रही। वीरसिंह यादव ने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा एवं जनजागरूकता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्रीमती सारिका चतुर्वेदी ने कहा कि क्लेप कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि व्यवहार में परिवर्तन लाना है। जब तक प्रत्येक परिवार जल संरक्षण को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा नहीं बनाएगाए तब तक स्थायी परिणाम संभव नहीं हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक राठी, डीईओ भगवान सिंह इंदौलिया, गिर्राज सिंह यादव, वीर सिंह यादव, शेखर सिंह यादव, सीताराम सिंह गुर्जर आदि उपस्थित थे।



फ्लाई ओवर के नीचे बनेगा वर्टिकल गार्डन, उकेरी जाएंगी पेंटिंग्स

विस अध्यक्ष ने 2 .30 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अप्रैल। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि नगर निगम मुरैना क्षेत्र में लगभग 10 किलोमीटर लंबे डिवाइडरों पर व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। इसके साथ ही एबी रोड फ्लाई ओवर के नीचे आकर्षक कलर पेंटिंग, वर्टिकल गार्डन एवं आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे शहर की सुंदरता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इन विकास कार्यों के लिए बैरियर चौराहा पर 2.30 करोड़ रुपये की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया है।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, प्रभारी कलेक्टर कमलेश कुमार भार्गव, प्रभारी आयुक्त नगर निगम एलएस डोडिया, पूर्व विधायक बलवीर डंडोतिया, डॉ. योगेश पाल गुप्ता, अनिल गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री तोमर ने नागरिकों से अपील की कि शहर की सीवर व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सीवर लाइन में गोबर न डालें, क्योंकि इससे लाइन जाम होने की समस्या उत्पन्न होती है। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने भी संबोधित किया।

कार्यशाला आज

मुरैना, 18 अप्रैल। गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए गौसेवा विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज होगा। यह कार्यशाला एबीसी ब्रांच कैनाल के किनारे स्थित सिहौरी गांव में नारायणी आर्गेनिक फॉर्म हाऊस पर प्रात: 11 बजे से होगी। इस कार्यशाला में आरएसएस के प्रचारक एवं प्रांत गौसेवा संयोजक वेदपाल झा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रांत गौसेवा सह संयोजक डॉ. मधुसूदन, विभाग संयोजक गौसेवा देवेन्द्र सेंगर, जिला संयोजक गौसेवा मनोज शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में वक्ताओं द्वारा गौसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए गौवंश के संवर्धन एवं संरक्षण विषय पर व्याख्यान दिए जाएगें। कार्यक्रम संयोजक ओडी शर्मा एवं देवेन्द्र सिंह सिकरवार ने समस्त गौसेवकों को निश्चित समय पर कार्यशाला में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

शिकायत पर त्वरित संज्ञान, मौके पर पहुंचे नपाध्यक्ष माहेश्वरी

मुरैना/जौरा, 18 अप्रैल। नगर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नगरपालिका परिषद जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी स्वयं नियमित रूप से शहर का निरीक्षण करने सड़कों पर उतरकर नागरिकों की समस्याओं को तत्काल निराकृत कर रहे है।

ऐसा ही मामला शनिवार को सामने आया। नपा जौरा के वार्ड-13 में अलख मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों ने अध्यक्ष श्री माहेश्वरी से सफाई न होने और गंदगी पसरे होने की शिकायत की। नपाध्यक्ष श्री माहेश्वरी, पार्षद बनवारी फौजी एवं नपा के सफाई कर्मचारियों के साथ वार्ड-13 में पहुंचें। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना, जिसके बाद श्री माहेश्वरी ने सफाई कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सफाई कार्य में कर्मचारियों की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गुर्जा गांव में सल्फास खाने से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अप्रैल। देवगढ़ थाना क्षेत्र के गुर्जा गांव में रहने वाला संदीप सिंह सिकरवार 28 पुत्र पार्थ सिंह सिकरवार शनिवार की दोपहर जब अपने घर में था, तभी उसने सल्फास का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

आम-सूचना

श्रीमती विरमा पत्नी श्री जबर सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम बड़फरा, प.ह.नं.47, तहसील अम्बाह एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र. 921 ग्राम बड़फरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भूमि स्वामी, पश्चिम में रास्ता 10 फुट चौड़ा, उत्तर में भूमि स्वामी एवं दक्षिण में भूखण्ड विरमा है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री जुग्गीलाल पुत्र श्री बैजनाथ के स्वत्व, स्वामित्व की थी। श्री जुग्गीलाल का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री भूपेन्द्र कुमार, श्री अशोक, श्री प्रमोद, श्री जगदीश, श्री लक्ष्मीनारायण पुत्रगण स्व. श्री जुग्गीलाल, श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. श्री जुग्गीलाल, श्रीमती उर्मिला उर्फ आशा पत्नी स्व. श्री जुग्गीलाल, श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री जुग्गीलाल उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री प्रमोद द्वारा उक्त सम्पति का एक भाग सम्पति 1000 वर्गफुट एरिया श्रीमती विरमा पत्नी श्री जबर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी21 आईजीआर 17912025ए100684979 दिनांक 05.08.2025 से विक्रय की गई। श्री प्रमोद द्वारा उक्त सम्पति का अन्य भाग सम्पति 1000 वर्गफुट एरिया श्रीमती विरमा पत्नी श्री जबर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी21 आईजीआर 17912025 ए100913675 दिनांक 10.10.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती विरमा द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्रा.लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री जुग्गीलाल के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक- नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र. 52, कैलाश बिहार
8276727100 फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

नवभारत इम्पैक्ट

रेल प्रशासन की कार्रवाई, बंद कराया खुला कुआं

8 अप्रैल को कैलारस में खुले पड़े कुएं से खतरा...शीर्षक से प्रकाशित हुई थी खबर

नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 18 अप्रैल। नगरीय क्षेत्र में स्थित एक खुले कुएं से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी, नवभारत समाचार पत्र ने खतरे की आशंका को भांपते हुए 8 अप्रैल के अंक में कैलारस में खुले पड़े कुएं से खतरा...शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बिना देर किए खुले कुएं को सुरक्षित तरीके से बंद करवा दिया।

स्थानीय नागरिकों ने इस त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाया जाता, तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों को उठाने से ही प्रशासन जागरूक होता है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। वहीं यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि जागरूक पत्रकारिता समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

नवभारत

कैलारस में खुले पड़े कुएं से खतरा, हादसे की आशंका

नवभारत न्यूज
मुरैना/कैलारस, 8 अप्रैल। कस्बा कैलारस में शास्त्री मार्ग पर पुराने रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर के समीप स्थित कुएं के खुले पड़े रहने से स्थानीय रहवासियों सहित इस रास्ते से गुजरने वालों को खतरा बना हुआ है। कुएं के पाटों के जर्जर हालत में होने और रास्ते के किनारे स्थित होने से बड़ा हादसा होने की आशंकाएं बनी हुई हैं। स्थानीय नागरिकों ने आरोप है कि रेलवे प्रशासन इस गंभीर समस्या को अनदेखी कर रहा है। जबकि राज्य शासन द्वारा सभी जिलों में खुले कुओं और बावड़ियों को बंद कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद इस स्थान पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कस्बा कैलारस में एमएस रोड पर लगने वाले जाम को कम करने के लिए पुलिस द्वारा हाथठेला एवं गुमटियों को हटाया गया था। जिसके बाद यह हाथठेले शास्त्री मार्ग पर शिफ्ट हो गए हैं।

रेल प्रशासन की अनदेखी बन सकती है बड़े हादसे की वजह

यहां सुबह पोहा, नाश्ता और दिन में चाट-पकौड़े के ठेलों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल होते हैं। ऐसे हालात में कुएं का खुला पड़ा होना हादसों की आशंकाओं को बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे प्रशासन को निर्देश देकर इस कुएं को जल्द से जल्द बंद कराया जाए, ताकि किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके।

गोंगपा के राष्ट्रीय महासचिव तोमर का कैलारस में हुआ स्वागत

मुरैना/कैलारस, 18 अप्रैल। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं ग्वालियर-चंबल संभाग प्रभारी कुंवर बलवीर सिंह तोमर अल्प प्रवास पर कैलारस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए अपने दौरे को सामान्य संगठनात्मक यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यकर्ता जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अधिक से अधिक नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ना और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करना है। श्री तोमर ने विजयपुर और दतिया क्षेत्र में हाल ही में हुए घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां उपचुनाव की संभावना बन रही है। यदि चुनाव घोषित होते हैं तो गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भी पूरी मजबूती के साथ अपना उम्मीदवार मैदान में उतारेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी समय में क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएगी और जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करेगी। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, विनय शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समस्याएं निराकृत नहीं हुईं तो शिक्षक करेंगे आंदोलन-प्रदर्शन

मप्र शिक्षक संघ ने डीईओ को दिया ज्ञापन, बताईं शिक्षकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अप्रैल। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मप्र शिक्षक संघ की जिला इकाई की ओर से शनिवार को जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग करते हुए धरना, आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार और जिला सचिव रामअवतार सिंह ने बताया कि लंबे समय से शिक्षकों की महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं, जिन पर अभी तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उपाध्यक्ष रामबरन सिंह सिकरवार न क्रमोन्नति, एरियर का भुगतान शीघ्र कराने की मांग उठाई गई।

इसके साथ ही संविदा शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो जाने के बावजूद उनके नियमितीकरण एवं संबंधित आदेश जारी नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। ज्ञापन में कहा गया है कि कई शिक्षकों के ट्रेजरी कोड अब तक जारी नहीं किए गए है। जिससे उन्हें वेतन हासिल करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक संघ ने डीईओ से समस्याओं का तत्काल निराकरण किए जाने और लंबित आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में यह रहे शामिल

संजय दीक्षित, योगेन्द्र यादव, सीडी पिप्पल, अरविंद सिकरवार, पीके त्यागी, धर्मेन्द्र भारद्वाज, जितेन्द्र शर्मा, विनोद गुप्ता, थानसिंह, धर्मेन्द्र राजावत, हरिओम शर्मा, चंद्रेश उपाध्याय, राघवेन्द्र धाकरे, राजेश गुर्जर, कुलदीप सोलंकी, अजय डण्डौतिया, विनय कुमार बैस, राजीव दुबे, राजेश परमार, बृजराज सिकरवार, रजनी भदौरिया, नीलू मिश्रा, अंजना सिकरवार, ओमवती श्रीवास, मंजू, अंजू राठौर आदि ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल थे।